# एफएंडओ में नुकसान को रोकने सेबी रिटेलर के ट्रेडिंग पर लगा सकती है लिमिट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शेयर बाजार में ट्रेडिंग भारत में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। पिछले कुछ सालों में खासकर कोविड के बाद बाजार में ट्रेड करने वालों की संख्या बढ़ी है।

- अध्ययन में सामने आया हर 10 में से 9 निवेशक पैसा गंवा रहा

बाजार नियामक शेयर ट्रेडिंग को लेकर एक बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है, जिससे सभी ट्रेडर्स प्रभावित होंगे। दरअसल बाजार नियामक सेबी की तैयारी खुदरा निवेशकों के लिए रिस्क को कम करने से जुड़ी हुई है। इसके लिए सेबी का प्रस्ताव है कि फ्यूचर एंड ऑप्शंस में ट्रेड करने वालों की संपत्ति में इक्विटी डेरिवेटिव्स के अमाउंट को लिंक किया जाए। सेबी भारतीय शेयर बाजार की हालिया रैली को देखते हुए यह कदम उठा रहा है। सेबी को लगता है कि बाजार में लौटी रैली से बड़ी संख्या में खुदरा निवेशक आकर्षित हो सकते हैं।

## इक्विटी डेरिवेटिव मार्केट में खुदरा निवेशकों की भागीदारी 500 प्रतिशत बढ़ी

### बाजार में 90 प्रतिशत लोग गंवा रहे पैसे

सेबी के आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी डेरिवेटिव मार्केट में खुदरा निवेशकों की भागीदारी पिछले 3 साल में 500 फीसदी बढ़ी है। जनवरी में आई सेबी की एक स्टडी की मानें तो इनमें बड़ी संख्या ऐसे निवेशकों की है, जिनकी उम्र 30 साल के आस-पास है। ऐसे निवेशकों के मामले में हर 10 में से 9 ट्रेडर्स ने बाजार में पैसे गंवाए हैं। ऐसे निवेशकों का औसत नुकसान 1.1 लाख रुपए है। छोटे निवेशकों के हिसाब से देखें तो यह बड़ा अमाउंट है।



### क्या होगा बदलाव का असर

अब समझते हैं कि इसका क्या असर होने वाला है। फ्यूचर एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा तो होता है, लेकिन नुकसान भी भयानक होता है। कई बार ऐसा होता है कि एक तगड़े नुकसान से ट्रेडर्स की अब तक की सारी कमाई डूब जाती है। अगर नए नियम अमल में आते हैं तो ब्रोकर के द्वारा बताई गई नेट वर्थ के तय मल्टीपल में ट्रेडिंग वॉल्यूम की लिमिट लग जाएगी।

### ट्रेडिंग पर लग जाएगी लिमिट

अगर प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो ट्रेडर्स की नेट वर्थ व इनकम के बारे में स्टॉक मार्केट को जानकारी देने की जिम्मेदारी ब्रोकर्स को दी जा सकती है। एक बार जब ब्रोकर इन्वेस्टर की नेट वर्थ व इनकम के बारे में स्टॉक एक्सचेंज को बता देगा, उसके बाद एक्सचेंज अलग-अलग ब्रोकरेज फर्म के जरिए फ्यूचर एंड ऑप्शंस में ट्रेडर्स के एक्सपोजर को मॉनिटर कर पाएगा।

### ये है सेबी का अहम प्रस्ताव

खुदरा निवेशकों को होने वाले नुकसान के ये भयावह आंकड़े ही सेबी की चिंता का विषय हैं। सेबी ने इससे पहले ब्रोकर्स को कहा था कि वे डेरिवेटिव्स में ट्रेड करने के रिस्क को अपनी वेबसाइट पर प्रमुखता से दिखाएं। अब सेबी खुदरा निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सेबी फ्यूचर एंड ऑप्शंस में होने वाले ट्रेड की वैल्यू को ट्रेडर्स की इनकम व नेट वर्थ से लिंक करने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### गो फर्स्ट ने रद टिकटों का पैसा लौटाने मांगी अनुमति



**नई दिल्ली।** एयरलाइन गो फर्स्ट ने राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण (एनसीएलटी) से आग्रह किया है कि उसे तीन मई और उसके बाद की टिकट बुक करने वाले यात्रियों को पैसा लौटाने की अनुमति दी जाए। नकदी संकट से जूझ रही एयरलाइन कंपनी ने उड़ान सेवा तीन मई से निलंबित की हुई है।

### ऑडिटर पर लगा एक लाख का जुर्माना




**नई दिल्ली।** ऑडिट नियामक राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने 2015-16 के लिए अंशू क्लोथिंग लिमिटेड के ऑडिट में कथित पेशेवर कदाचार के लिए ऑडिटर पर एक लाख रुपये का जुर्माना और एक साल का प्रतिबंध लगाया है। 2015-16 में अंशू क्लोथिंग के शेयर बीएसई और मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध किए गए थे।

### आरवीएनएल को मिला अच्छा प्रतिसाद



**नई दिल्ली।** निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि रेल विकास निगम लिमिटेड की शेयर बिक्री पेशकश को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। दो दिन की बिक्री पेशकश बंद हो गई। सरकार ने 11.17 करोड़ शेयरों की बिक्री की जो रेल उपक्रम आरवीएनएल में 5.36 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

## एमपीसी की बैठक के पूर्व विशेषज्ञों ने जताया अनुमान

# आरबीआई प्रमुख ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रख सकता है

- आगामी एमपीसी की बैठक 8 से 10 अगस्त के बीच होगी
- लगातार तीसरी बार प्रमुख ब्याज दरों पर रह सकती है यथास्थिति
- घरेलू मुद्रास्फीति आरबीआई के सहनशील दायरे में बनी हुई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


*भारतीय रिजर्व बैंक अपनी आगामी द्विमासिक नीति समीक्षा में लगातार तीसरी बार प्रमुख ब्याज दरों पर यथास्थिति बनाए रख सकता है। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताया। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व और यूरोपीय सेंट्रल बैंक के प्रधान दरों में बढ़ोतरी के बावजूद घरेलू मुद्रास्फीति आरबीआई के सहनशील दायरे में बनी हुई है।*

आरबीआई ने पिछले साल मई से ब्याज दरों में बढ़ोतरी शुरू की थी, हालांकि इस साल फरवरी के बाद से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर है। अप्रैल और जून में पिछली दो द्विमासिक नीति समीक्षाओं में इसमें बदलाव नहीं किया गया।

आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 8-10 अगस्त को होगी। नीतिगत निर्णय की घोषणा 10 अगस्त को गवर्नर शक्तिकांत दास करेंगे।

### मुद्रास्फीति पांच फीसदी से कम चल रही

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई दरों पर यथास्थिति बनाए रखेगा। इसका कारण यह है कि मुद्रास्फीति इस समय पांच प्रतिशत से कम चल रही है, लेकिन आने वाले महीनों में महंगाई बढ़ने के साथ इसमें कुछ बढ़ोतरी का जोखिम होगा।'



### नकदी की स्थिति अनुकूल

कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा, 'चूंकि 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा के बाद नकदी की स्थिति अनुकूल हो गई है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई मौजूदा रुख पर कायम रहेगा।' उन्होंने कहा कि सभी की निगाहें इस बात पर होंगी कि घरेलू मुद्रास्फीति का रुख कैसा रहता है।

### सीपीआई के छह प्रतिशत से ऊपर जाने का अनुमान

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि सब्जियों की कीमतों में उछाल से जुलाई 2023 में सीपीआई या खुदरा मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से ऊपर जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि ऐसे में रेपो दर पर यथास्थिति बनी रहने के साथ एमपीसी की काफी तीखी टिप्पणी देखने को मिल सकती है।

### भारत के कृषि उद्योग के लिए खुलेंगे नए अवसर

यूरोपीय संघ (ईयू) के वन-कटाई नियमों को सख्त बनाने से भारत के कृषि आधारित उद्योगों को नए अवसर मिलेंगे। एक अधिकारी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत में वन क्षेत्र काफी बढ़ रहा है, जिससे देश को वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बढ़त मिलेगी। एक ओर जहां लातिनी अमेरिका और अफ्रीका के कई देश खेती के लिए अपने जंगलों को साफ कर रहे हैं, वहीं भारत का वन क्षेत्र बढ़ रहा है। यहां खेती के लिए जंगल काटने का चलन नहीं है।

### कॉफी, चमड़ा और पेपरबोर्ड उत्पादों का निर्यात होगा प्रभावित



सरकारी अधिकारी ने कहा कि ये नियम 'हमारे उद्योगों के लिए एक बड़ा अवसर हैं, क्योंकि हमारा वन क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है।' उन्होंने कहा, 'हमारी वन भूमि, कृषि जमीन से अलग है। हम इन तथ्यों को यूरोपीय संघ के सामने रख सकते हैं और इस विनियमन पर एक तरह की समझ बना सकते हैं।' शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संघ के वन-कटाई नियमों के कारण भारत से यूरोपीय संघ को सालाना 1.3 अरब डॉलर मूल्य के कॉफी, चमड़ा और पेपरबोर्ड जैसे उत्पादों का निर्यात प्रभावित होगा।

# सिएट चालू वित्त वर्ष में 750 करोड़ रुपये करेगी निवेश




- कंपनी महाराष्ट्र के अंबरनाथ में संयंत्र की क्षमता बढ़ाएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टायर विनिर्माता सिएट लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में लगभग 750 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। इसमें से ज्यादातर राशि कंपनी के महाराष्ट्र के अंबरनाथ संयंत्र में एग्री-रेडियल टायरों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने में लगाई जाएगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्नब बनर्जी ने यह जानकारी दी है।

कंपनी को भरोसा है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही में मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) को उसकी आपूर्ति बढ़ेगी, क्योंकि इस दौरान वह छोटे रिम से बड़े आकार में बदलाव को पूरा कर रही है। वाहन विनिर्माताओं से इसके लिए जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सिएट ने वाहनों के टायर बदलने के बाजार (रिप्लेसमेंट) में पहली तिमाही में विशेषरूप से मोटरसाइकिल खंड में अच्छी वृद्धि दर्ज की है। कंपनी को वृद्धि की यह रफ्तार कायम रहने की उम्मीद है। हालांकि, सिएट का मानना है कि ग्रामीण बाजार में अभी वृद्धि के लिए दो और तिमाहियों का इंतजार करना होगा।

बनर्जी ने चालू वित्त वर्ष में कंपनी की निवेश योजना के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'हम साल के लिए 700 से 750 करोड़ रुपये के बारे में बात कर रहे हैं। इसमें से लगभग 220 करोड़ रुपये का निवेश हम पहली तिमाही में कर चुके हैं।'

### कंपनी के देश में छह संयंत्र

बैनर्जी ने कहा कि नागपुर और चेन्नई सहित अन्य संयंत्रों पर भी पूंजीगत व्यय किया जाएगा। वहीं 200 करोड़ रुपये सामान्य कंपनी कामकाज पर खर्च किए जाएंगे। सिएट लिमिटेड के भारत में छह विनिर्माण संयंत्र... हलोल, नासिक, नागपुर, भांडुप, अंबरनाथ और चेन्नई में हैं।

### बारिश-बाढ़ का असर, 14 फीसदी डेडलाइन तक नहीं भर पाएंगे आईटीआर

**नई दिल्ली।** इनकम टैक्स रिटर्न भरने के लिए अब सिर्फ एक दिन का समय बचा हुआ है। 31 जुलाई 2023 के बाद इनकम टैक्स रिटर्न भरने पर टैक्सपेयर्स को कई तरह के नुकसान उठाने पड़ सकते हैं। हालांकि अभी भी ऐसे टैक्सपेयर्स की संख्या काफी ज्यादा है, जिन्होंने अब तक रिटर्न फाइल नहीं किया है। इनमें से ज्यादातर संख्या वैसे लोगों की है, जो भारी बारिश और बाढ़ की तबाही के कारण टैक्स रिटर्न नहीं भर पा रहे हैं। सर्वे में 8 फीसदी ऐसे लोग मिले, जिन्होंने अब तक अपना रिटर्न फाइल तो नहीं किया है, लेकिन उन्हें भरोसा है कि वे 31 जुलाई से पहले यह काम कर लेंगे।

### बैंक ऑफ इंडिया ने ब्याज दरों में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी की ब्याज दरों में कटौती की है। अब बैंक में साल की एफडी कराने पर आपको 6प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा। नई ब्याज दरें 2 करोड़ से कम की एफडी पर लागू हो गई हैं। इसके अलावा बैंक ने खास डिपॉजिट स्कीम (एफडी) 'मानसून डिपॉजिट' लांच की है। मानसून डिपॉजिट के तहत 400 दिनों एफडी करानी होगी।





### इंजीनियरिंग में बहुविषयक अनुसंधान और नवाचार पर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के प्रतिष्ठित के आर मंगलम विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन किया जिसने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार और अंतःविषय सहयोग की भावना को प्रज्वलित किया। सम्मेलन का विषय, इंजीनियरिंग में बहुविषयक अनुसंधान और नवाचार शिक्षा, उद्योग और अनुसंधान से प्रतिभाशाली दिमागों को एक साथ लाया, विचारों और अत्याधुनिक खोजों के परिवर्तनकारी आदान-प्रदान के लिए मंच तैयार किया। सम्मेलन ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के शोधकर्ताओं के शोध लेखों को आकर्षित किया। सम्मेलन की शुरुआत सम्मानित कुलपति प्रो. सी.एस. दुबे के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिन्होंने इंजीनियरिंग प्रगति पर सम्मेलन के संभावित प्रभाव के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। प्रोफेसर सीएस दुबे ने सहयोग और अनुसंधान उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जिससे यह इंजीनियरिंग चुनौतियों के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की खोज के लिए एक आदर्श मंच बन गया। सम्मेलन के विशिष्ट मुख्य अतिथि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक प्रमुख वैज्ञानिक, डॉ. एस.के. वार्ष्णेय ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। डॉ. वार्ष्णेय ने एक ज्ञानवर्धक मुख्य भाषण दिया जो उत्पाद विकास में बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर केंद्रित था। उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), बिग डेटा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, उन्होंने हरितऔर अधिक टिकाऊ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ ऊर्जा-आधारित उत्पादों के महत्व पर जोर दिया।

# तिमाही परिणाम से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुख भी करेगा प्रभावित

घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान, कंपनियों के तिमाही नतीजे तथा विदेशी कोषों का प्रवाह इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेगा। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, वृहद आर्थिक परिप्रेक्ष्य की दृष्टि से बाजार भागीदारों की निगाह से एक से चार अगस्त के बीच आने वाले अमेरिका के विनिर्माण पीएमआई और सेवा पीएमआई और अमेरिका ही गैर-कृषि रोजगार के आंकड़ों पर रहेगी। गौर ने कहा, 'इन संकेतकों से वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे जानकारी मिलेगी और इनसे बाजार धारणा प्रभावित हो सकती है। इसके अतिरिक्त, संस्थागत गतिविधियों का भी बाजार के रुझान पर प्रभाव पड़ेगा।' घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़ों में इस सप्ताह विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए पीएमआई आंकड़े क्रमशः मंगलवार और बृहस्पतिवार को आएंगे। सप्ताह के दौरान अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी ट्रांसमिशन, गेल, अंबुजा सीमेंट्स, इंटरग्लोब एविएशन, टाइटन, अडाणी एंटरप्राइजेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के जून तिमाही के नतीजे आएंगे।

### अमेरिकी बाजार के उछाल से तेजी के संकेत

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तकनीकी शोध अजित मिश्रा ने कहा, 'तिमाही नतीजों के अलावा हम संकेतकों के लिए वैश्विक बाजारों के प्रदर्शन पर करीबी नजर रख रहे हैं। अमेरिकी बाजारों में मौजूदा उछाल से हम तेजी के रुख को लेकर कुछ आशान्वित हैं।' इस सप्ताह वाहन कंपनियां भी अपने मासिक बिक्री आंकड़ों की घोषणा करेंगी।




## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से चिंता बढ़ सकती है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष** — आय में वृद्धि होगी। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मिथुन** — रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कर्क** — धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**सिंह** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**कन्या** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है।कारोबार विस्तार में भाइयों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है।

**धनु** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। खर्च बढ़ सकते हैं। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**मकर** — मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**मीन** — क्रोध से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। बहन-भाइयों का साथ मिलेगा। प्रॉपर्टी में निवेश कर सकते हैं।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**समाधान**

☞ खुदा ने चाहा तो किसी का प्यार टूटने नहीं दूंगा। मिया पठान बंगाली 2 घंटे में घर बैठे समाधान लव मैरिज, मनचाहा प्यार, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा 7500542070

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

हमसे पहले काम करने वाले को इनाम
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर



माता चंद्रो देवी
2 घंटे में संपूर्ण समाधान


प्रेमविवाह, सौतन एवं दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट। अब तक कहीं से काम न बना हो तो एक बार फोन करें। घर बैठे सभी समस्याओं का समाधान।
9045375811

**जॉब**

☞ RELIANCE JIO कंपनी में SMS जॉब करके लड़के-लड़कियां गृहणियां, घर बैठे कमाये (21,500-48500) महीना (मोबाइल+लैपटॉप मुफ्त) नौकरी हेतु नाम पता QUALIFICATION/CALL /SMS/WHATSAPP करें:- 7980991148




## शब्द पहेली - 5230



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

### शब्द पहेली- 5229 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

